

## बिछिया नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में कराएं जल संरक्षण के कार्य : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की विशेष पहल पर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है.**

भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण और संवर्धन अनिवार्य है. अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारी कार्ययोजना बनाकर अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं. सभी अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान में सर्वोच्च प्राथमिकता से जल संरक्षण के कार्य कराएं. संभाग के सभी जिलों के लिए एक-एक नदी के उद्गम स्थल की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के अन्य कार्य चिन्हित किए गए हैं. रीवा और मऊगंज जिले में बिछिया नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी बिछिया अपनी धरोहर अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण के कार्य कराएं. शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग मिलकर इसके लिए जागरूकता अभियान चलाएं.

नदी की साफ-सफाई के लिए सामूहिक रूप से श्रमदान, जल यात्रा, जल संरक्षण की शपथ तथा जल रैली जैसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करें. सामाजिक संगठनों एवं आमजनता को भी इस अभियान में शामिल करें. संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद इसकी कार्ययोजना तैयार करें. शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए नोडल अधिकारी होंगे. बैठक में अधिकारी माजूद रहे.

# अस्थाई अतिक्रमण की चपेट में शहर की सभी मुख्य सड़कें

## नगर निगम का उड़नदस्ता दल मूकदर्शक, दुकानदारों ने सड़क तक फैलाया सामान, जाम से लोग परेशान




नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, शहर की सभी मुख्य सड़के स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण की चपेट में है. दुकानदार सड़क तक सामान फैलाकर सड़को पर कब्जा किये रहते है. जिसकी वजह से आवागमन बाधित होता है और खरीददारी के लिये पहुंचने वाले ग्राहक भी सड़क पर ही वाहन पार्क कर देते है और देखते ही देखते जाम लग जाता है. इस समय ऐसा कोई मार्ग नही जिसमें जाम न लग रहा हो.**

नगर निगम का उड़नदस्ता दल केवल मूकदर्शक बन चुका है और हार्न मारते हुए फल ठेला को खदेड़ते रहते है लेकिन दुकानदारो का सामान अंदर कराने की हिम्मत नही जुटा पाते है. कई उड़नदस्ता दल जोन स्तर पर दिये गये है जो केवल हूटर बताते हुए शहर में तफरी करते नजर आते है. सिरमौर चौराहा से लेकर अस्पताल चौक तक अमहिया मार्ग पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में रहा है. प्रशासन द्वारा नोटिस जारी कर अतिक्रमण चिन्हित कर लाल निशान लगा दिया और अब दुकानदार खुद अपना अतिक्रमण हटा रहे है. इसी तरह अन्य मार्गो में भी अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की जरूरत है. व्यंकट मार्ग में दोनो तरफ दुकानदार सड़क तक सामान फैलाकर बैठ जाते है जिसके कारण सड़क की पटरी पूरी तरह से बंद हो जाती है और जाम लगता है. यही हाल धोबिया टंकी चौराहा, गोविन्दगढ़ मार्ग, खुटेही मार्ग का है. जहा जाम की स्थित बनी रहती है. सबसे व्यस्त रहने वाला घोड़ा चौराहा और प्रकाश चौराहा भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है. प्रकाश चौराहा से जानकी पार्क जाने वाले मार्ग में पैदल निकलना मुश्किल होता है. बीच सड़क में फल के ठेले खड़े रहते है जिसे हटाने कभी भी नगर निगम का उड़नदस्ता दल नही पहुंचता.

**खरीददार होते है परेशान** - प्रकाश चौराहा और घोड़ा चौराहा से जानकी पार्क एवं सब्जी मंडी जाने वाले मार्ग में केवल फल के ठेले खड़े होते है जिसकी वजह से पैदल चलना मुश्किल हो जाता है. बचे स्थान पर दुकानदार अपना सामान रख देते है लिहाजा खरीददारी करने वालों को परेशानी होती है.

### बेसमेंट पार्किंग में खुली दुकानें

शहर के अंदर सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है, बड़े-बड़े शोरूम और व्यवसायिक भवन बनाये गये है लेकिन पार्किंग के लिये स्थान नही दिया गया. जो भी बेसमेंट पार्किंग बनाई गई है वहा गोदाम और दुकाने खोल दी गई है. जिसके कारण वाहन सड़क पर खड़े होते है. नगर निगम द्वारा बेसमेंट पार्किंग को लेकर कार्यवाही शुरू की गई जो केवल नोटिस तक सीमित रह गई. बेसमेंट में पार्किंग दिखाकर नक्शा पास कराया गया और उसका उपयोग पार्किंग के जगह दूसरे काम में हो रहा है. कई जगह तो पार्किंग भी नही दी गई है, लिहाजा सड़क पर वाहन खड़े हो रहे है. जिसकी वजह से जाम की स्थित बनती है.

## मऊगंज हाइवे में लूट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, नेशनल हाईवे पर ट्रक चालको को सरेराह रोक कर रुपए व मोबाइल लूटने वाले बदमाशों की गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है.**

पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने लूट गया सामान बरामद कर लिया है और न्यायालय में पेश कर आरोपियों को जेल भेज दिया है. मऊगंज थाने के पटेहरी ओवरब्रिज पर शनिवार की रात बदमाशों ने ट्रक को रोककर चालक रवीन्द्र प्रताप सिंह निवासी जौनपुर उत्तर प्रदेश से 7500 रुपए नकद और मोबाइल छीन लिया था. घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही थी. पुलिस के हांथ बदमाशों की लोकेशन लगी. पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया जिन्होंने पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है. पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटे गए रुपए,

मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है. आरोपियों में ज्ञानेश्वर उपाध्याय 26 वर्ष निवासी छिपिहा थाना मऊगंज, ओमप्रकाश पटेल 25 वर्ष निवासी भदौहा थाना हनुमना शामिल है. घटना के दिन आरोपी वारदात को अजाम देने के लिए रेकी कर रहे थे. इसी दौरान ट्रक निकला जिसको रोककर बदमाशों ने लूट लिया. एसडीओपी सची पाठक ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड भी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है और अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की गई है.

## विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्याओं सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन 9 अप्रैल को किया जायेगा.**

जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे प्रदेश सरकार के द्वारा गेहूं की उर्पाजन तारीख को बार-बार बढाने, किसानों को गेहूं मे दिये जाने वाला बोनस मात्र 40 रूपये किये जाने, मार्च एवं अप्रैल मे बेमौसम भारी वर्षा एवं तूफान तथा ओलावृष्टि के कारण किसानों के गेहूं एवं दलहानी-तिलहानी की फसलें नष्ट हो गयी हैं, नुकसानी का सर्वे न किये जाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर 9 अप्रैल की दोपहर 12 बजे सिरमौर चौराहा के पास धरना प्रदर्शन किया जायेगा.

### संक्षिप्त

#### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 8 अप्रैल को शाहपुर डिडौरी में आयोजित कार्यक्रम मुं शामिल होने के उपरांत रात्रि 8 बजे रीवा आयेंगे तथा निज निवास में रात्रि विश्राम करेंगे. उप मुख्यमंत्री 9 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस रीवा में बाणसागर परियोजना की समीक्षा बैठक लेंगे तदुपरांत स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे.

#### बैठक का आयोजन आज

**रीवा,** अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में घायल/ मृतक के निकटम वारिस को हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिजनों को लाभ दिये जाने हेतु बैठक का आयोजन 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के मोहन सभागार में किया गया है. बैठक में संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है.

#### कमिश्नर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 8 अप्रैल को शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करेंगे. बैठक कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई है. बैठक में पेयजल व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति एवं ट्रांसफार्मरों की स्थिति, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल स्वावलंबी योजना की समीक्षा की जाएगी. बैठक में संकल्प से समाधान अभियान, एचपीवी टीकाकरण अभियान, उपार्जन की तैयारियों, कुपोषण नियंत्रण स्कूल चलें हम अभियान, संवाद से समाधान अभियान, पंचायतों द्वारा बिजली बिल के भुगतान तथा नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी.

#### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

**रीवा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा रीवा की बैठक आज 08 अप्रैल को समय 01 बजे दोपहर से संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में आयोजित की गई. बैठक में जिले की समस्त तहसीलो के अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे.

#### श्रीमद् वाल्मीकि कथा कल से

**हनुमना,** हनुमना नगर के नगर आराध्य श्री हनुमानजी महाराज मंदिर परिसर में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक श्रीमद् वाल्मीकि रामायण की कथा त्रिवेणी अयोध्या के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंददास जी महाराज द्वारा बहाई जाएगी. उपरोक्त जानकारी देते हुए कथा के यजमान अवकाश प्राप्त प्राचार्य विष्णु प्रसाद पांडे ने बताया कि अयोध्या के प्रसिद्ध संत पंचारासाचार्य स्वामी श्री राम हर्षण दास जी महाराज के परम कृपा पात्र स्वामी रामानंद दास जी महाराज के मुखारविंद से कथा व्यास के रूप में श्रीमद् वाल्मीकि रामायण की कथा त्रिवेणी की अमृत धारा बहाई जायेगी जो नित्य अपराह्न 3 :00 से कथा का शुभारंभ किया जाएगा और देर शाम तक कथा चलेगी. श्री पांडे ने कथा का श्रवण करने की अपील की है.



आपत्ति जनक वीडियो के बाद आईजी को ज्ञापन सौपते सवर्ण समाज के लोग

## पहले जाति विशेष को दी गाली फिर मांगी माफी, गिरफ्तारी की मांग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, रीवा में बीते दिनों एक युवक के द्वारा जाति विशेष को गाली देने का एक वीडियो सोसल मीडिया में वायरल किया गया था. वीडियो के वायरल होते ही लोग आक्रोशित हो उठे और कार्यवाही की मांग की.**

हालाकि लोगों के आक्रोश को देखते हुए गाली देने वाले ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए माफी भी मांगी, लेकिन लोगों का आक्रोश शांत नही हुआ और आज एसपी वा आईजी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की. आपत्ति जनक वीडियो को लेकर समस्त सवर्ण समाज के सुधीर पाण्डेय एवं राजपूत करणी सेना के लोगो ने एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है. साथ ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है. दरअसल इस विवादित वीडियो में आरोपी अपना नाम शुभम सेन बता रहा है और किसी कमरे में बैठकर कुछ जाति विशेष को गालियां दे रहा है और वही वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया. बता दे की जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ तो लोग आक्रोशित हो उठे और आज काफी संख्या में कंट्रोल रूम पहुंचकर आईजी एवं एसपी के समक्ष कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सोपा है. आक्रोशित ने कहा कि सरकार की गलत नीति और यूजीसी जैसे कानून की आड़ में वोट की राजनीति की गई, जिसमें समाज कई खंडो में विभाजित हो रहा है और सोशल मीडिया में इस तरह से एक के बाद एक वीडियो वायरल हो रहे हैं. फिलहाल ज्ञापन सौपते हुए जाति विशेष के लोगों ने स्पष्ट कहा है कि यदि आरोपी पर सख्त कार्यवाही नहीं हुई तो वह अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरेंगे. यूजीसी के बाद लगातार विवादित और आपत्तिजनक वीडियो सामने आ रहे है. जिस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म में आपत्ति जनक वीडियो वायरल किया गया उससे सवर्ण समाज में आक्रोश है. अधिकारियों ने जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है.

## खरीदी से पूर्व यदि पहले का गेहूं मिला तो ब्लैक लिस्टेड होंगे केन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गेंहू उपार्जन केन्द्रों में उपार्जन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं.**



उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व यदि पहले का भण्डारित गेंहू मिला तो केन्द्र को ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा. कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों से उपार्जित गेंहू का अनवरत परिवहन किया जाय तथा उठाव में देरी न हो. खरीदी प्रारंभ होने के दिन से ही उठाव की व्यवस्था हो. उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सीमावर्ती राज्यों से गेंहू न आने पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये तथा चेकपोस्ट लगाकर व अन्य माध्यम से आवक रोके जाने हेतु निर्देशित किया. कलेक्टर ने वारदानों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि शासन स्तर से वारदानों की मांग करें ताकि खरीदी से पूर्व पर्याप्त वारदानों की उपलब्धता रहे. कलेक्टर ने वारदानों का हिसाब न देने वाली समितियों को नोटिस देने की बात कही. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित उपार्जन से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

## सिरमौर टोंस डेम में मिली अज्ञात लाश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, रीवा के सिरमौर थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर अज्ञात लाश मिलने का दूसरा मामला प्रकाश में आया है.**

सिरमौर स्थित क्योटी जलप्रपात में अज्ञात लाश मिलने के बाद मंगलवार की आज सुबह सिरमौर में ही स्थित विद्युत परियोजना केंद्र के सिरमौर टोंस स्थित डैम में अज्ञात व्यक्ति की दुसरी लाश देखी गई है. फिलहाल सूचना मिलते ही सिरमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा है. हालांकि मृतक कौन है और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है यह अब तक साफ नहीं हो सका है. दरअसल आज सुबह सिरमौर टोंस के विद्युत परियोजना डैम में अज्ञात व्यक्ति की लाश पानी में तैरती देखी गई. घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुरक्षा गार्ड द्वारा गस्त की जा रही थी, तभी उक्त लाश देखी गई, पहचान की जा रही है.

## वेयर हाउस से गेहूं के भण्डारण संबंधी हस्तावेजों के परीक्षण के लिए एसडीएम अधिकृत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के सुचारू क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के सभी वेयरहाउस से गेंहू के भण्डारण संबंधी लेखों, रिकार्ड एवं दस्तावेजों के परीक्षण हेतु जिलों में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी को अधिकृत किया गया है.**

उपार्जन अवधि में गोदामों में भण्डारित गेंहू की निकासी कलेक्टर अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से की जा सकेगी. अपर संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ने जारी आदेश में कहा है कि पूर्वानुमति हेतु अनुशंसा के पूर्व संबंधित अधिकारी प्रकरण का भलीभांति परीक्षण करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि इसका समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेंहू विक्रय में दुरूपयोग न हो सके. सभी गोदाम संचालकों को कृषि गोदाम के तहत प्रावधानित लेखों का संधारण किया जाना अनिवार्य होगा एवं प्राधिकृत अधिकारी को जांच समय में उपलब्ध कराना होगा.

## कन्या विद्यालय में छात्राओं को लगाये गये टीके

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्राओं को 'सर्वाइकल कैंसर' जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए वैक्सीनेशन ड्राइव का सफल आयोजन किया गया तथा शासकीय कन्या विद्यालय पाडेन टोला में छात्राओं को टीके लगाये गये.**



उल्लेखनीय है कि 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह टीका भविष्य में होने वाले कैंसर के जोखिम को कम करने में सहायक सिद्ध होता है. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विद्यालय स्तर पर पहुंचकर छात्राओं और अभिभावकों को इस टीके के महत्व के प्रति जागरूक किया गया. जिले की हर पात्र बालिका को इस सुरक्षा चक्र से जोड़ने के लिए यह अभियान संचालित किया जा रहा है. इस कार्य में समर्पित सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम, फ्रंटलाइन वर्कर्स और विद्यालय परिवार के साथ मिलकर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने का कार्य जारी है. विद्यालय में सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी के निर्देशन में नोडल अधिकारी बी.के. गौतम, डॉ. सुनील अवस्थी, डॉ नीलम शुक्ला, तुलसी कुंडवानी एवं आरती द्विवेदी का सहयोग रहा.



#### कमिश्नर सहित अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद पर्यावरण संरक्षण और शरीर को स्वस्थ रखने को लेकर प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रहे हैं. कमिश्नर पिछले कई महीनों से प्रत्येक मंगलवार को अपने शासकीय वाहन के बजाय साइकिल से कार्यालय पहुँचते हैं. उनका यह कदम न केवल प्रदूषण कम करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि आम जनमानस को शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करने का माध्यम भी बना हुआ है. इस मंगलवार को भी कमिश्नर के साथ-साथ संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, खनिज अधिकारी बसंतराम, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक सहित अन्य अधिकारी साइकिल से कार्यालय पहुंचे. संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा अन्य अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने के लिए ई रिक्शे का उपयोग किया.

## रीवा संभाग ई-आफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है. अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है.**

ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 17811 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 69074 फाइलों का मूवमेंट हुआ.

प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 5485 फाइलों का क्रिएशन तथा 45740 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है. इसमें 2920 फाइलों का क्रिएशन तथा 32356 फाइलों का मूवमेंट हुआ है.कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं. इनकी कुल संख्या 65 है. इस रैंकिंग में रीवा जिला 15वें स्थान पर है. रीवा जिले में 6995 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 48214 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 51वें, सतना जिला 47वें, सीधी जिला 42वें तथा मैहर जिला 50वें स्थान पर है. कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं.

## कलेक्टर के पास जन सुनवाई में पहुंचीं 72 शिकायते

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 72 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण करने के निर्देश दिये.**

हटवा निवासी राधिका के नहर के मुआवजा राशि के भुगतान के आवेदन पर एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया. इसी प्रकार निवासी सुरेश प्रसाद के तालाब से कब्जा हटाने, त्योंथर निवासी रामगरीब माझी के आवासीय पट्टा दिलाये जाने, बैकुंठपुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के बंद रास्ता को खोले जाने तथा रीवा निवासी केशकली के अनुग्रह राशि की शिकायत की.